हरिभूमि

जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शनिवार, 17 अक्टूबर 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा

तापमान

अधिकतम 26.2 डिग्री

न्यूनतम 19.2 डिग्री

4

गुणवत्ता में कमियों पर जताई नाराजगी मूल्यांकन राशि में कटौती के निर्देश



खबर संक्षेप

स्वास्थ्य मिशन के संविदा पदों की भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी

जशपुरनगर। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एवं जिला स्वास्थ्य समिति, जशपुर के अंतर्गत रिक्त संविदा पदों पर भर्ती के लिए आयोजित कौशल, दक्षता, लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार का परिणाम जारी कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। निर्धारित पदों के लिए कौशल, दक्षता, लिखित परीक्षा 30 सितंबर 2026 को एवं साक्षात्कार का आयोजन 13 एवं 14 अक्टूबर 2026 को किया गया। आयोजित चयन प्रक्रिया का परीक्षा परिणाम वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया गया है। संबंधित पदों के लिए परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना परिणाम देख सकते हैं।

तीसरे दिन बहु मंजिला इमारतों पर हुई कार्रवाई

अंबिकापुर। बांकी नहर पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रही। तीसरे दिन बड़ी बिल्डिंगों के कब्जे को हटाया गया। कार्रवाई के दौरान विरोध की स्थिति भी निर्मित हुई। इस दौरान प्रशासन ने अतिक्रमण वाले हिस्से पर बुलडोजर चलाने के बाद उन्हें खुद से शेष अतिक्रमण हटाने की समझाइश दी। बता दें कि शहर के दरिमा चौक से खरसिया चौक के बीच बांकी नहर के रूट कैनाल पर किए गए अतिक्रमण को हटाने के लिए कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई के तहत 27 अतिक्रमण कारियों को नोटिस दिया गया था और दो दिनों में 23 अतिक्रमण हटाए गए जबकि तीसरे दिन भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। जल संसाधन विभाग के ईई अशोक निरंजन के निर्देश पर टीम ने गुरुवार को नहर की जमीन पर बनी बहु मंजिला इमारतों पर कार्रवाई की। नहर की जमीन पर पांच और चार मंजिला भवन बने थे। ऐसे में नाप जोख के बाद अतिक्रमण वाले हिस्से पर बुलडोजर चलाया गया। टीम ने बुलडोजर से निर्माणाधीन भवन की दीवार गिराने की कार्रवाई की। हालांकि कार्रवाई से पूरी बिल्डिंग को नुकसान पहुंचने की संभावना थी ऐसे में टीम ने दीवार गिराने के बाद पिलर व शासकीय भूमि से शेष अतिक्रमण को जल्द से जल्द हटाने का निर्देश दिया।

करंट की चपेट में आने से मजदूर की गई जान

अम्बिकापुर। घर के आंगन में फर्स ढलाई करने के दौरान मिक्सर मशीन में करंट फैल जाने तथा मजदूर के संपर्क में आने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार लखनपुर थाना अंतर्गत ग्राम लोसगा निवासी विमल बड़ा आ. बाबूलाल (30 वर्ष) बुधवार को शहर के गोधनपुर में मजदूरी करने गया था। मोहल्ले के दीपक सिंह के यहां घर के आंगन फर्श ढलाई करने के दौरान जैसे ही मजदूर मिक्सर मशीन को पकड़ा तभी मिक्सर मशीन में करंट प्रवाहित होने के कारण गिर गया। करंट लगने के बाद मजदूर उठा और शोर मचा कर मशीन में करंट फैलने की बात कही और दोबार आंगन में ही गिर गया। आसपास मौजूद लोगों ने मजबूर को तत्काल शहर के मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत मजदूर को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर गांधीनगर पुलिस ने मामले में मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

कार्यपालन अभियंता के विरूद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज

अम्बिकापुर। रायपुर के विद्युत विभाग में कार्यपालन अभियंता के पद पर पदस्थ महिला के विरूद्ध कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। कार्यपालन अभियंता ने परिजन बिजली विभाग के ठेकेदार को मकान बेचने का झांसा देकर लाखों रुपए ठग लिए थे। पुलिस के मुताबिक दरिमा रोड निवासी प्रीतम गोयल (32 वर्ष) जो रायगढ़ में व्यवसाय करने के साथ बिजली विभाग में ठेकेदारी का काम करता है।

माता की रसोई में भोजन प्रसाद ग्रहण करने दूर-दूर के गांवों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालु

कछार शिव मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़, किया गया प्रसाद का वितरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पत्थलगांव





कछार शिव मंदिर में गुरुवार रात भक्तों की संख्या में भारी इजाफा होने से पूरा मंदिर परिसर खचाखच भर गया। रात्रि आरती से लेकर माता की रसोई का प्रसाद पाने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मंदिर समिति के सदस्य लगातार भक्तों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए लगातार कार्य करते रहे। सबसे पहले आरती हुई फिर माता की रसोई का प्रसाद ग्रहण करने दूर-दूर से भक्त पहुंचे। कछार शिव मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित है, जिसकी मान्यता है कि मन की सभी मुरादें माता रानी जरूर पूरा करती हैं। यही कारण है कि, मनोकामना ज्योति कलश में हर वर्ष लगातार बढ़ोतरी हो रही है। गुरुवार को कछार शिव मंदिर में कुल सात भक्तों ने माता की रसोई का भंडारा लगाया था, जिसमे नवकन्या को माता की रसोई का भोजन कराने के बाद सभी भक्तों को बारी बारी से प्रसाद वितरित किया गया।

मंदिर समिति के सदस्य ऋषि बेहरा ने बताया कि, कछार शिव मंदिर में माता रानी विराजमान है। जहां आने के लिए मन लगा रहता है। नवरात्र पर्व की आरती का खास महत्व होता है। गोपाल अग्रवाल ने बताया कि पूरे नवरात्र पर्व में माता की आरती में शामिल होते है। मंदिर में आए भक्तों की भक्ति देखने लायक होती है। आसपास गांव के लोगो की बड़ी आस्था मंदिर से जुड़ी है। बनारस से पूजन करने आए आचार्य चन्द्रेश्वर मिश्रा ने बताया नवीन दृष्टिकोण से आधुनिक काल में सप्तशती का अध्ययन केवल धार्मिक दृष्टिकोण से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, साहित्यिक, और तांत्रिक दृष्टिकोण से भी किया जा सकता है। यह ग्रंथ नारी शक्ति के प्रतीक के रूप में भी देखा जाता है, जो भारतीय समाज में नारी के महत्व को रेखांकित करता है। सप्तशती की मंत्र संरचना और उसकी तांत्रिक व्यवस्था आधुनिक मनोविज्ञान और ध्यान प्रक्रियाओं के साथ भी जोड़ी जा सकती है, क्योंकि मंत्रों का उच्चारण और आहुति मानसिक एकाग्रता को बढ़ाने में सहायक हैं।

निष्कर्षः सप्तशती निर्माण की प्रक्रिया एक जटिल, लेकिन सुनियोजित तांत्रिक व्यवस्था है, जो मार्कण्डेय पुराण के देवीमाहात्म्य को 700 मंत्रों के रूप में परिवर्तित करती है। कात्यायनी तंत्र के अंतर्गत यह प्रक्रिया न केवल मंत्रों की संख्या में वृद्धि करती है, बल्कि यह तांत्रिक और वैदिक परंपराओं का समन्वय भी प्रस्तुत करती है। इस शोध के माध्यम से यह स्पष्ट होता है कि सप्तशती की संरचना न केवल धार्मिक अनुष्ठानों के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह भारतीय संस्कृति और तांत्रिक परंपराओं के अध्ययन के लिए भी एक महत्वपूर्ण स्रोत है।

कछार शिव मंदिर समिति रात्रि आरती और माता की रसोई में दिन भर कार्य देखे जाते हैं, जिसमे मंदिर समिति के अध्यक्ष निरंजन यादव, उपाध्यक्ष जितेन्द्र गुप्ता, कोषाध्यक्ष कृष्णकुमार अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, संरक्षक पद्मन पटेल, टुनटुन महराज, ऋषि बेहरा, महादेव अग्रवाल, नन्दलाल यादव, खितिज खूंटिया, जितेंद्र खूंटिया, कृष्ना डनसेना, अंकित अग्रवाल, तरुण जायशवाल, चिंटू अग्रवाल, बसंत यादव, पप्पू यादव, महेश यादव, आयुष अग्रवाल, मोहन अग्रवाल, त्रिलोचन यादव समेत अन्य सदस्य मंदिर के कार्यों में हाथ बंटाते हैं।

सप्तमी पर तीन आश्रमों में दिखेगा मां भगवती की भक्ति का अद्भुत नजारा

जशपुरनगर। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर सप्तमी तिथि शनिवार 17 अक्टूबर को सोगड़ा आश्रम, गम्हरिया आश्रम एवं जनसेवा अभेद आश्रम नारायणपुर में मां भगवती का भव्य डोला निकाला जाएगा। मां कालरात्रि की विधि-विधान से पूजा-अर्चना और विशेष श्रृंगार के पश्चात मां भगवती को सुसज्जित डोले में विराजमान कर पारंपरिक वाद्ययंत्रों, ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और जयकारों के बीच नगर भ्रमण कराया जाएगा। इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह रहता है। मां भगवती के डोले के दर्शन करने और उनकी आरती उतारकर स्वागत करने के लिए भक्त पूरे श्रद्धाभाव से इंतजार करते हैं।

- सोगड़ा, नारायणपुर और गम्हरिया में निकलेगा भव्य डोला, उमड़ेंगे श्रद्धालु

ब्रह्मनिष्ठालय, सोगड़ा आश्रम में मां कालरात्रि का विधिवत पूजन होगा

सोगड़ा स्थित जनसेवा अभेद आश्रम में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी नवरात्र की सप्तमी पर विशेष धार्मिक आयोजन किया जाएगा। ब्रह्मनिष्ठालय, सोगड़ा आश्रम में मां कालरात्रि का विधिवत पूजन संपन्न होगा। इसके बाद मां भगवती को विशेष रूप से सजाए गए डोले में विराजमान किया जाएगा। शाम 6:30 बजे के बाद पारंपरिक वाद्ययंत्रों, भजन-कीर्तन और मां के जयकारों के साथ डोला निकलेगा। भगवती मंदिर से प्रारंभ ⏭शेष पेज 2 पर

केसरिया गरबा में शामिल हुईं गुजरात सह-प्रभारी गोमती



पत्थलगांव। गुजरात प्रवास के दौरान गुजरात प्रदेश भाजपा की सह-प्रभारी एवं पत्थलगांव विधायक गोमती साय गांधीनगर उत्तर की विधायक रीटाबहन पटेल की ओर से आयोजित केसरिया गरबा नवरात्र 2026 में सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर उन्होंने मां अंबे की आरती कर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त किया। नवरात्रि के पावन अवसर पर आयोजित इस गरबा उत्सव में भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का सुंदर संगम देखने को मिला। गरबा गुजरात की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा और लोक आस्था का प्रतीक है, जो समाज में एकता, सद्भाव और सांस्कृतिक विरासत को सशक्त बनाता है। इस अवसर पर मां अंबे से समस्त प्रदेशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की गई।

खराब परीक्षा परिणाम पर सीईओ सख्त, शोकॉज नोटिस के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने जिले के शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के शैक्षणिक प्रदर्शन की समीक्षा करते हुए खराब परीक्षा परिणाम पर नाराजगी जाहिर की। उन्होंने पत्थलगांव विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल फरसाटोली के व्याख्याता को शोकॉज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही खराब परीक्षा परिणाम देने वाले विषय शिक्षकों को इसी माह समीक्षा बैठक में बुलाकर परिणाम की स्थिति पर चर्चा करने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सभाकक्ष में यशस्वी जशपुर कार्यक्रम के तहत आयोजित बैठक में सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारी बीईओ, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी एबीईओ तथा जिले के समस्त शासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे। बैठक में तिमाही परीक्षा परिणाम, विद्यार्थियों की औसत उपस्थिति, एमबीयू और अपार आईडी की प्रगति की समीक्षा की गई। सीईओ अभिषेक कुमार ने शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए ठोस प्रयास करने तथा विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम बेहतर बनाने पर जोर दिया। उन्होंने सभी बीईओ और प्राचार्यों को लंबे समय से अनुपस्थित एवं निलंबित कर्मचारियों की जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में नियमित शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन, विद्यार्थियों की उपस्थिति और परीक्षा परिणामों में सुधार पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए।

- लंबे समय से अनुपस्थित एवं निलंबित कर्मचारियों की जानकारी उपलब्ध कराने निर्देश

विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति, शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम में सुधार पर जोर



विभागीय कार्यों की भी हुई समीक्षा

जिला शिक्षा अधिकारी नरेंद्र सिन्हा ने स्वामी विवेकानंद विद्यालयों, गौ विज्ञान परीक्षा, सीएम हेल्पलाइन, वीएसके ऐप में शून्य उपस्थिति दर्ज होने की स्थिति, जाति प्रमाण पत्र शिविर और स्मार्ट क्लास की जानकारी दी। यशस्वी जशपुर के नोडल अधिकारी विनोद गुप्ता ने शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में शिक्षक-पालक बैठक के आयोजन, विद्यालयों में कराए जा रहे प्रायोगिक कार्यों तथा शत-प्रतिशत परीक्षा परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से आवश्यक शैक्षणिक गतिविधियों पर भी चर्चा की गई। बैठक में बीईओ, एबीईओ, बीआरसीसी और विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

लंबित पेंशन और वेतन निर्धारण प्रकरणों के लिए लगा शिविर

जशपुरनगर। जिले में लंबे समय से लंबित वेतन निर्धारण और पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया गया। कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक, कोष, लेखा एवं पेंशन, अम्बिकापुर संभाग सरगुजा के निर्देश पर यह शिविर 14 अक्टूबर सुबह 10:30 बजे कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया।

शिविर में जिले के समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा अपने कार्यालय के लंबित प्रकरण प्रस्तुत किए गए, जिनकी संभागीय अधिकारियों द्वारा गहन जांच कर मौके पर ही निराकरण किया गया। शिविर में कुल 81 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें वेतन निर्धारण के 69 प्रकरण एवं पेंशन के 12 प्रकरण शामिल हैं। शिविर के सुचारू संचालन के लिए संभागीय कार्यालय से उप संचालक अनिल कुमार बारी, सहायक संचालक प्रताप टोप्पो, संजय कुमार धीवर, गुलाम दस्तगीर, मंगेश कुमार सोनी, जयसिंह सांडिल्य, सुरेश कुमार पैकरा एवं सोमारू राम उपस्थित थे। जिला कोषालय अधिकारी चन्द्रकांत ने बताया कि यह शिविर सेवानिवृत्त होने वाले एवं सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों, जिनके पेंशन एवं वेतन निर्धारण प्रकरण लंबे समय से लंबित थे, उनके लिए राहत भरा साबित हुआ। शिविर में जिला कोषालय जशपुर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



जनपद सीईओ को 10 दिन में जांच रिपोर्ट देने के निर्देश

पीएमजीएसवाई के अनुपयोगी पुल निर्माण पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कलेक्टर जशपुर ने विकासखंड दुलदुला के विभिन्न ग्रामों में सड़क एवं पुल-पुलिया निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की उपयोगिता, गुणवत्ता और प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अनुपयोगी एवं अपूर्ण निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने लापरवाही के मामलों में जांच तथा नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए।

संबंधित अधिकारियों को नियमित निरीक्षण के निर्देश

कलेक्टर श्री व्यास ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सड़क, पुल-पुलिया एवं अन्य अधोसंरचना निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी की जाए। किसी भी निर्माण कार्य को स्वीकृत करने और पूर्ण कराने से पहले उसकी वास्तविक आवश्यकता, उपयोगिता एवं गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, जहां अनियमितता या लापरवाही सामने आए, वहां नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम के कार्य का निरीक्षण

कलेक्टर ने कस्तूरा में जिला खनिज न्यास मद से प्रस्तावित एवं निर्माणाधीन मिनी स्टेडियम के कार्य का भी निरीक्षण किया। मैदान की लंबाई-चौड़ाई और उपलब्ध स्थान को निर्धारित उपयोग के अनुरूप पर्याप्त नहीं पाए जाने पर उन्होंने कार्य को निरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास कार्यों की योजना बनाते समय उपयोगिता, आवश्यक आकार और निर्धारित मानकों का ध्यान रखा जाना चाहिए, ताकि शासकीय राशि का सदुपयोग हो सके।

निरीक्षण के दौरान पुल की उपयोगिता को लेकर असंतोष व्यक्त किया

कलेक्टर ने ग्राम आंवरापानी में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत केंद खमन पहुंच मार्ग पर निर्मित आरसीसी पुलिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पुल की उपयोगिता को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य से अपेक्षित उपयोगिता सुनिश्चित नहीं हो रही है। इस पर कलेक्टर ने संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पुल निर्माण की आवश्यकता, उपयोगिता एवं कार्य की स्थिति की जांच कर 10 दिनों के भीतर जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। इसके पश्चात ग्राम पंचायत कस्तूरा में पीएमजीएसवाई के अंतर्गत निर्माणाधीन कस्तूरा से सरायटोली मार्ग का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

विधायक रायमुनि का कुशलक्षेम जानने अस्पताल पहुंचे मंत्री अग्रवाल



जशपरनगर। छत्तीसगढ़ के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने शुक्रवार को रायपुर स्थित एक निजी अस्पताल पहुंचकर जशपुर विधायक रायमुनि भगत से मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना।

इस दौरान मंत्री श्री अग्रवाल ने विधायक श्रीमती भगत के स्वास्थ्य की जानकारी ली तथा उनके शीघ्र एवं पूर्ण स्वस्थ होने की कामना की। मंत्री श्री अग्रवाल ने विधायक से संवाद करते हुए उनके स्वास्थ्य के प्रति अपनी चिंता और संवेदनशीलता व्यक्त की। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि श्रीमती भगत जल्द से जल्द पूर्ण स्वस्थ होकर अपने परिवार, शुभचिंतकों और क्षेत्र की जनता के बीच लौटें तथा पूर्व की भांति जनसेवा एवं क्षेत्र के विकास से जुड़े कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएं। श्री अग्रवाल ने कहा कि विधायक रायमुनि भगत जनसेवा के प्रति समर्पित जनप्रतिनिधि हैं।

खबर संक्षेप

कोल इंडिया के ठेका श्रमिकों की बढ़ी मजदूरी, 1 अक्टूबर से नई दरें लागू

बिश्रामपुर। कोल इंडिया लिमिटेड ने खनन कार्यों में नियोजित ठेका श्रमिकों की दैनिक मजदूरी की नई दरें जारी कर दी हैं। 12 अक्टूबर के कार्यालय आदेश के अनुसार संशोधित दरें 1 अक्टूबर 2026 से 31 मार्च 2027 तक प्रभावी रहेंगी। नई दरों के तहत अकुशल श्रमिकों को 1341 रुपए, अर्धकुशल श्रमिकों को 1375 रुपए, कुशल श्रमिकों को 1409 रुपए और उच्च कुशल श्रमिकों को 1443 रुपए प्रतिदिन मजदूरी मिलेगी। इन दरों में मूल मजदूरी के साथ परिवर्तनीय महंगाई भत्ता शामिल है। कोल इंडिया ने औद्योगिक श्रमिकों के मूल्य सूचकांक के आधार पर महंगाई भत्ते की संशोधित दरों को शामिल करते हुए यह निर्णय लिया है। नई दरों के अनुसार भुगतान सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित ठेकेदारों और नियोजन एजेंसियों की होगी। इससे कोयला खदानों में कार्यरत ठेका श्रमिकों के वेतन भुगतान पर सीधा असर पड़ेगा।

पीएचडी प्रवेश परीक्षा में अंकिता गुप्ता ने किया क्वालीफाई

बिश्रामपुर। नगर की मेधावी छात्रा ग्राम सतपता निवासी एकांत स्वीट्स के संचालक सुरेंद्र गुप्ता की पुत्री कु. अंकिता गुप्ता ने पीएचडी प्रवेश



परीक्षा में सफलता हासिल कर परिवार सहित बिश्रामपुर को गौरवान्वित किया है। उन्होंने अखिल मेरिट सूची में 35 वां स्थान प्राप्त कर क्वालीफाई किया है। अंकिता ने कार्मेल कॉन्वेंट स्कूल बिश्रामपुर से प्रारंभिक शिक्षा तथा डीएवी स्कूल से 12 वीं तक की पढ़ाई की इसके बाद वाराणसी के सनबीम संस्थान से बीकॉम और एमकॉम की उपाधि प्राप्त की। अपनी मेहनत, लगन और शैक्षणिक प्रतिभा के दम पर हासिल इस उपलब्धि से उनके परिवार और नगर में हर्ष का माहौल है।

सेवा संकल्प अभियान पर शहीद रमाशंकर को दी गई श्रद्धांजलि, परिजन का हुआ सम्मान



लखनपुर। विकासखंड के ग्राम अमदला में सेवा संकल्प अभियान के तहत 14 अक्टूबर को शहीद रमाशंकर के निवास पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित हुआ। ग्राम सरपंच, सचिन, ब्राह्मण और परिजन द्वारा शहीद रमाशंकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित लोगों ने शहीद को नमन करते हुए उनके बलिदान और योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान शहीद रमाशंकर के परिवार के सदस्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शहीद के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके परिवार के योगदान और त्याग को स्मरण किया गया ।सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य शहीदों के बलिदान को याद करना नई पीढ़ी को उनके योगदान से प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के माध्यम से शहीदों के सम्मान और उनके परिवार के प्रति संवेदनशीलता का संदेश दिया गया। इस दौरान सरपंच श्रीमती ज्योति सिंह सचिव सत्यनारायण शहीद रमाशंकर के परिजन और ग्रामीण उपस्थित रहे।

नवरात्रि के उपलक्ष्य में लालबहादुर शास्त्री स्टेडियम में मचेगी गरबा की धूम, तैयारियां पूरी

सीतापुर। नवरात्र पर्व के अवसर पर देश भर में मची गरबा की धूम के बीच नगर में भव्य और ऐतिहासिक गरबा रास महोत्सव आयोजित किया जा रहा है। नगर में दूसरी बार इतने विशाल पैमाने पर सामूहिक डांडिया और सांस्कृतिक उत्सव का आयोजन हो रहा है। 16 अक्टूबर दिन शुक्रवार की संध्या को नगर के हृदयस्थल माने जाने वाले लाल बहादुर शास्त्री स्टेडियम में गरबा का भव्य महोत्सव आयोजित किया गया है। इस गरबा महोत्सव में तारक मेहता का उल्टा चश्मा की कलाकार खुशी माली अपनी टीम के साथ प्रस्तुति देंगी। तारक मेहता का उल्टा चश्मा सीरियल में अपनी कलाकारी का लोहा मनवा चुकी इस कलाकार को देखने नगरवासियों समेत क्षेत्रवासियों में खासा उत्साह है। इस कार्यक्रम का आयोजन नगर के युवाओं द्वारा आयोजित किया गया है।आयोजन समिति द्वारा स्टेडियम में इस गरबा महोत्सव को लेकर सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दूसरी बार नगर में हो रहे गरबा महोत्सव को लेकर लोगों में काफी उत्साह है।

सड़क दुर्घटना में वृद्धा की मौत, शिनाख्त के बाद पुलिस ने किया मर्ग कायम

अम्बिकापुर। सड़क दुर्घटना में गंभीर वृद्धा की मेडिकल कॉलेज अस्पताल मौत हो गई। मृतिका की पहचान नहीं होने पर पुलिस ने लाश को मरच्यूरी कक्ष में रखवाया था। बुधवार को मृतिका की पहचान परिजन द्वारा किए जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। मृतिका दाई का काम करती थी और प्रसूता को सूरजपुर जिला अस्पताल पहुंचाने गई थी। घर लौटते समय सड़क हादसे में घायल हो गई थी। जानकारी के अनुसार नर्मिति बाई पति अजय साय (65 वर्ष) गांव में दाई का काम करती थी। गत दिन वह पड़ोसी महिला का प्रसव कराने के लिए सूरजपुर जिला अस्पताल छोड़ने आई थी। जब वह घर लौटने लगी तभी 11 अक्टूबर को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई थी। वृद्धा को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां 13 अक्टूबर को इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इधर प्रसूता को अस्पताल में भर्ती कराने के बाद वृद्धा घर नहीं लौटी तो परिजन उसे तलाश रहे थे। खोजबीन करते हुए परिजन जिला अस्पताल अंबिकापुर पहुंचे और वृद्धा की पहचान नर्मिति बाई के रूप में की। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

अटैचमेंट पर चल रहे शिक्षकों को नहीं भेजा मूल पद पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

बलरामपुर जिला में शिक्षा विभाग के नियमों के खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है। राज्य सरकार द्वारा बार-बार दिशा निर्देश जारी करने के बावजूद निर्देशों का पालन जिले में शिक्षा विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। ऐसे में शिक्षक संलग्नीकरण और अटैचमेंट में चल रहे शिक्षकों को मूल पद पर नहीं भेजा गया है।

विकासखंड बलरामपुर में जहां राज्य सरकार द्वारा 5 जून और दोबारा 14 जुलाई को निर्देश जारी किया था। निर्देश में कहा गया है कि जितने भी शिक्षक संलग्नीकरण और अटैचमेंट में चल रहे हैं उन्हें तत्काल समाप्त किया जाए और मूल पद पर वापस जाएं अन्यथा उनके वेतन रोक जाएगी। नियम में यह भी कहा गया था कि जो शिक्षक जहां पदस्थ है वहीं पर ऑनलाइन हाजिरी के बाद ही उनका वेतन बनेगा लेकिन जिले के बलरामपुर विकासखंड में जुगाड़ का खेल इतना हावी है कि इन नियमों का पालन नहीं हो रहा है।



बलरामपुर विकासखंड के बीआरसी कार्यालय में विकासखंड स्त्रोत समन्वय के पद पर शिक्षक सुरेश सिंह पदस्थ है। उनका जुगाड़ इतना जबरदस्त है राज्य सरकार और जिला प्रशासन द्वारा आदेश जारी होने के बाद भी यह मूल पद पर वापस नहीं हुए हैं जिससे सामान्य शिक्षकों में आक्रोश का माहौल है। आरोप है कि पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी से मिली भगत करके अपना मूल पद वापसी नहीं होने का जुगाड़ बना लिया और तब से लेकर आज तक लगभग 2 वर्ष से भी ऊपर समय हो जाने के बावजूद भी इन्हें मूल पद पर वापस नहीं भेजा गया। शिक्षकों का कहना है कि जब सभी शिक्षकों का अटैचमेंट समाप्त हो गया तो उनका अटैचमेंट आज तक क्यों समाप्त नहीं हुआ।

शिक्षक होना चाहिए व्याख्याता

नियम के अनुसार विकासखंड स्त्रोत समन्वय के पद संभालने के लिए शिक्षक व्याख्याता होना चाहिए। साथ ही इस तरह के कार्यों के लिए तीन से 5 वर्ष का अनुभव होना अनिवार्य है। इसके अलावा जिस शिक्षक को विकासखंड स्त्रोत समझ में बनाना है वह शिक्षक उसी विकासखंड का होना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी और जिला सामग्र परियोजना अधिकारी द्वारा समिति बनाकर के मिनिमम 2 वर्षों के लिए उनकी नियुक्ति की जाती है, लेकिन इस तरह के नियमों पालन नहीं किया गया बल्कि लंबी अवधि से अटैचमेंट पर ही दूसरे विकासखंड के सामान्य शिक्षक सुरेश सिंह विकासखंड स्त्रोत समन्वयक जैसे प्रशासनिक पद संभाल रहे हैं जो कि उनके योग्यता के अनुरूप नहीं है।

कंप्यूटर सहित टेक्निकल ज्ञान का अभाव

सूत्रों के मुताबिक शिक्षक सुरेश सिंह बलरामपुर विकासखंड के शिक्षक नहीं है इनका मूल पद स्थापना रामचंद्रपुर विकासखंड में माध्यमिक शाला विद्यालय में शिक्षक के पद पर है और इन्हें कंप्यूटर सहित टेक्निकल ज्ञान का अभाव है। इस तरह के कार्यों में उनके तीन से पांच वर्ष का अनुभव भी नहीं है और इस तरह से यह पद के लिए उपयुक्त भी नहीं है। इसके बाद भी लंबे अवधि से सामान्य शिक्षक शिक्षा विभाग प्रशासनिक कार्यों का निर्वहन कर रहा है जो समझ से परे है।

आदेश का कराया जाएगा पालन

जिले में अभी भी अटैचमेंट पर शिक्षक है तो इसकी जानकारी नहीं है। इस संबंध में जानकारी लेता हूं। अगर शिक्षक मूल पद पर नहीं गए है तो उन्हें मूल पद पर वापस भेजने की कार्रवाई की जाएगी। शासन का आदेश है मूल पद पर भेजना उसका पालन कराया जाएगा।

-नरेंद्र कुमार निरापूरे, डीईओ

रोमांचक मुकाबले में धनगांव की टीम को दी शिकस्त

फाइनल मुकाबले में पेनाल्टी शूटआउट एफसी क्लब बलरामपुर ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

ग्राम धनगांव स्थित जय मां काली स्टेडियम में आयोजित स्वामी विवेकानंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन 14 अक्टूबर को रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ हुआ। 6 अक्टूबर से शुरू हुए इस टूर्नामेंट में कुल 16 टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला मेजबान धनगांव और एफसी क्लब बलरामपुर की टीम के बीच खेला गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। निर्धारित समय तक मुकाबला गोल रहित रहने के बाद पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया, जिसमें एफसी क्लब बलरामपुर ने 1-0 से जीत दर्ज कर खिताब अपने नाम कर लिया।

खास बातें
- निर्धारित समय के खेल में दोनों टीमें नहीं कर सकीं गोल
- अतिरिक्त पेनाल्टी शूटआउट में 1-0 से जीता मैच

फाइनल मुकाबले के दौरान दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने जीत के लिए पूरा दमखम लगाया। 35-35 मिनट के दोनों हाफ में खिलाड़ियों ने कई बेहतरीन मूव बनाए, लेकिन कोई भी टीम गोल करने में सफल नहीं हो सकी। निर्धारित समय तक मुकाबला बराबरी पर रहने के कारण पहले पांच-पांच पेनाल्टी शूटआउट का सहारा लिया गया। इसके बाद भी फैसला नहीं होने पर दोबारा तीन-तीन पेनाल्टी शूटआउट कराया गया, जिसमें एफसी क्लब बलरामपुर ने 1-0 से जीत हासिल की। रोमांचक मुकाबले के दौरान स्टेडियम में मौजूद दर्शक खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते रहे। कार्यक्रम में रामानुजगंज नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया तथा मैदान में मौजूद दर्शकों से मुलाकात की। प्रतियोगिता के दौरान खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखने को मिला। फाइनल मुकाबला देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक जय माँ काली स्टेडियम पहुंचे। आयोजन समिति ने महिलाओं के लिए अलग से पंडाल की व्यवस्था की थी, जहां सैकड़ों महिलाओं और बच्चों ने भी मैच का आनंद लिया। प्रतियोगिता ने ग्रामीण क्षेत्र में फुटबॉल के प्रति युवाओं के उत्साह और खेल प्रतिभाओं को सामने लाने का अवसर प्रदान किया। बड़ी संख्या में दर्शकों की उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया। रोमांचक फाइनल मुकाबले के साथ ही स्वामी विवेकानंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन हुआ।



अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी।

निर्णायकों और कमेंटेटरों ने निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले का संचालन शेखर प्रधान, पीटीआई ने कराया था। वहीं फाइनल मैच में विश्रामपुर के प्राचार्य मोहरलाल कुजूर, पीटीआई नोबोर केरकेट्टा तथा लाइनमैन दिलीप और प्रमथ सरकार ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे मुकाबले के दौरान कमेंटेटर दिवाकर मुखर्जी और मंगल विश्वास ने शानदार कमेंट्री कर दर्शकों का उत्साह बनाए रखा। उनकी रोचक कमेंट्री से मैदान में मौजूद खेल प्रेमियों का रोमांच और बढ़ गया।

समिति और युवाओं के प्रयास से सफल हुआ आयोजन

स्वामी विवेकानंद स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट के सफल आयोजन में समिति के सदस्यों और स्थानीय युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन को व्यवस्थित एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए संजू सरकार, चितरंजन विश्वास, अभय मृधा, जयंत हालदार, शिवा सरकार, अंकित मंडल सहित अन्य युवा लगातार जुटे रहे।



बेहतर शैक्षणिक गुणवत्ता व बोर्ड परीक्षा की तैयारी हेतु डीईओ ने की समीक्षा बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

जिले में शैक्षणिक स्तर को अधिक सुदृढ़ करने तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता में एक दिवसीय समीक्षा सह उन्मुखीकरण बैठक आयोजित की गई।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिश्रामपुर में आयोजित इस बैठक में विकासखंड सूरजपुर के सभी 34 हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य तथा गणित, अंग्रेजी, भौतिकी और रसायन शास्त्र जैसे प्रमुख विषयों के व्याख्याता उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी ने प्राचार्यों एवं व्याख्याताओं से सीधा संवाद स्थापित कर पाठ्यक्रम की प्रगति, कक्षा अध्यापन की स्थिति और विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर की समीक्षा की। उन्होंने विशेष रूप से कठिन माने जाने वाले विषयों गणित, भौतिकी, रसायन और अंग्रेजी में विद्यार्थियों की रुचि और समझ बढ़ाने के लिए आधुनिक व प्रभावी शिक्षण पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया, डीईओ ने भौतिकी और रसायन शास्त्र के व्याख्याताओं को प्रयोगशालाओं का नियमित और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि विद्यार्थी सिद्धांतों को प्रयोगात्मक रूप से समझ सकें। वहीं गणित और अंग्रेजी में मूलभूत अवधारणाओं को स्पष्ट करने हेतु विद्यार्थियों से निरंतर अभ्यास कार्य कराने पर जोर दिया,उन्होंने त्रैमासिक परीक्षा के मूल्यांकन के आधार पर शैक्षणिक रूप से पिछड़े छात्रों को चिह्नित कर उनके लिए अतिरिक्त समय देकर उपचारात्मक कक्षाएं संचालित करने के निर्देश दिए गए। बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए सभी प्राचार्यों को निर्देशित किया गया कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर संपूर्ण पाठ्यक्रम पूरा कराएं, जिससे विद्यार्थियों को रिविजन और मॉडल प्रश्न-पत्र हल करने का पर्याप्त अवसर मिल सके। साथ ही शिक्षकों एवं विद्यार्थियों दोनों की शत-प्रतिशत और समयबद्ध उपस्थिति अनिवार्य करने के निर्देश दिए गए। शाला स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग और सकारात्मक शैक्षणिक माहौल बनाने पर विशेष जोर दिया गया। डीईओ ने समय पर पाठ्यक्रम पूर्ण कराने, कक्षा में मोबाइल ले जाने वाले शिक्षकों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश भी दिए हैं,साथ ही संस्था प्रमुख की भी जवाबदेही तय होगी। बैठक में सहायक संचालक अजय सिंह, सहायक जिला परियोजना अधिकारी चंद्रपाल कुशवाहा, सहायक परियोजना समन्वयक निर्झर मंदिलवार, सूरजपुर बीईओ हरेंद्र सिंह, संकुल समन्वयक गौरी शंकर पाण्डेय उपस्थित रहे।



सीएसआर मद से 55 ग्रामीण महिलाएं को दी गई सिलाई व परिधान निर्माण की ट्रेनिंग

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा सीएसआर मद के तहत महिला सशक्तीकरण एवं कौशल विकास को बढ़ावा देने परिधान प्रशिक्षण एवं अभिकल्पना केंद्र के माध्यम से चार माह का व्यावसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किया गया, जिसके बाद प्रशिक्षित महिलाओं को सिलाई मशीन व सिलाई किट का वितरण कर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 1 जुलाई को हुआ था, चार माह तक चले इस प्रशिक्षण में महिलाओं को सिलाई, परिधान निर्माण तथा इससे संबंधित विभिन्न व्यावहारिक कौशलों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के परिधान तैयार करने की तकनीक सीखीं और अपने हुनर को निखारा। समापन कार्यक्रम में एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक संजय सिंह, आरजीके उपक्षेत्र के उपक्षेत्रीय प्रबंधक प्रशांत शर्मा, बिश्रामपुर क्षेत्र के सीएसआर नोडल अधिकारी आशीष क्लेरेंस तथा रेहर भूमिगत खदान के नोडल अधिकारी श्रेयांश दुबे भी मौजूद रहे। परिधान प्रशिक्षण एवं अभिकल्पना केंद्र के प्रभारी डी.पी. सिंह मरकाम तथा प्रशिक्षिका कलावती साहू ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

खान प्रभावित क्षेत्र गेतरा गांव में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधि के अंतर्गत गुरुवार,15 अक्टूबर को खदान प्रभावित क्षेत्र गेतरा में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 84 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।

- 84 ग्रामीणों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकों द्वारा दिए परामर्श अनुसार नि:शुल्क दवा हुई वितरित

कार्यक्रम क्षेत्रीय महाप्रबंधक संजय सिंह एवं आरजीके यूजी माइंस के उपक्षेत्रीय प्रबंधक पी.के. शर्मा एएमओ यूएस बैठा की उपस्थिति में संपन्न हुआ। शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. श्रीता लाल, चिकित्सक डॉ. हर्षवर्धन सिंह एवं दंत शल्य चिकित्सक डॉ. सत्यपाल जोलहे ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण किया।इस दौरान बच्चों के स्वास्थ्य की जांच, सामान्य बीमारियों का परीक्षण, दंत परीक्षण, बीपी एवं शुगर की जांच सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। चिकित्सकों ने ग्रामीणों को बीमारियों से बचाव, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा आवश्यक सावधानियों के संबंध में भी जानकारी दी। चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण किया गया। शिविर के सफल संचालन मे केंद्रीय चिकित्सालय की टीम सक्रिय रही।



शशि, प्रिया और डॉ. सुनील राष्ट्रीय उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित

डांड़गांव। नेशनल एंटी करप्शन कमीशन द्वारा नेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड से उदयपुर के भदवाही प्राथमिक शाला की प्रधान पाठक श्रीमती शशि शर्मा, अम्बिकापुर के महेशपुर प्राथमिक शाला की श्रीमती प्रिया सिंह व उदयपुर क्षेत्र के पेंडरखी माध्यमिक शाला के शिक्षक डॉ सुनील कुमार यादव को सम्मानित किया गया। यह सम्मान मानवता, समाज और राष्ट्र के प्रति उत्कृष्ट योगदान, समर्पण एवं विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है। सम्मान-पत्र में मानवता को बढ़ावा देने, सामाजिक सद्भाव बनाए रखने, नैतिक मूल्यों को प्रोत्साहित करने तथा राष्ट्रीय विकास में योगदान देने के लिए किए गए उल्लेखनीय प्रयासों की सराहना की गई है। यह पुरस्कार समाज एवं राष्ट्र के प्रति सकारात्मक योगदान और जनकल्याण के कार्यों को मान्यता देने के उद्देश्य से प्रदान किया गया है ।इस अवसर पर शाला के स्टाफ, खंड शिक्षा अधिकारी और समस्त परिजन में हर्ष व्याप्त है।



पृष्ठ 1 का शेष

ब्रह्मनिष्ठालय, सोगड़ा आश्रम...

होकर डोला आश्रम परिसर की परिक्रमा करते हुए वापस मंदिर पहुंचेगा, जहां विशेष पूजा-अर्चना के बाद मां भगवती की आरती की जाएगी।

सप्तमी के दिन मां भगवती का डोला पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ निकलगा- नारायणपुर के जनसेवा अभेद आश्रम में भी सप्तमी के दिन मां भगवती का डोला पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाला जाएगा। ढोल-नगाड़ों की गूंज, भजन-कीर्तन और मां के जयकारों के बीच डोला आश्रम परिसर से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक, नारायणपुर की नगर बस्ती और अटल चौक होते हुए वापस आश्रम परिसर पहुंचेगा। यहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद मां भगवती की आरती की जाएगी। डोला उत्सव के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय रहेगा और श्रद्धालु मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। नारायणपुर में जब मां का डोला नगर भ्रमण करते हुए लोगों के घरों के सामने पहुंचते ही मां भगवती की आरती उतारी जाती है और श्रद्धापूर्वक उनका स्वागत किया जाता है। मां के दर्शन पाने के लिए श्रद्धालु अपने घरों के सामने एकत्रित होते हैं। भक्तों के लिए अपने घर और नगर बस्ती से मां भगवती का डोला गुजरना सौभाग्य का अवसर माना जाता है। इस दौरान मां के जयकारों से नगर का माहौल भक्तिमय हो उठता है।

मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व- शारदीय नवरात्र की सप्तमी तिथि को मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा-अर्चना का विशेष महत्व है। इस दिन मां भगवती का विशेष श्रृंगार कर विधि-विधान से पूजन किया जाता है। सोगड़ा आश्रम सहित जिले के ओघड़ आश्रमों में सप्तमी के अवसर पर होने वाले पूजन और डोला उत्सव को श्रद्धालु विशेष धार्मिक महत्व देते हैं। बड़ी संख्या में भक्त इस आयोजन में शामिल होकर मां भगवती के दर्शन करते हैं और सुख-समृद्धि, खुशहाली तथा परिवार की मंगलकामना के साथ पूजा-अर्चना करते हैं। सप्तमी के पावन अवसर पर सोगड़ा आश्रम और नारायणपुर में मां भगवती का डोला श्रद्धा, भक्ति और पारंपरिक उत्साह के साथ निकलेगा। भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच मां का नगर भ्रमण श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेगा। घर-घर आरती और भक्तों के स्वागत के साथ यह आयोजन नारायणपुर की धार्मिक आस्था और वर्षों से चली आ रही परंपरा को जीवंत करेगा।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को दिया गया एफएफएस ऐप का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

रबी सीजन 2026-27 में उर्वरक वितरण व्यवस्था को पूरी तरह पारदर्शी, वैज्ञानिक और डिजिटल बनाने के लिए कृषि विभाग द्वारा एफएफएस ऐप लागू की गई है। इस संबंध में ब्लॉक मुख्यालय सहित विभिन्न क्षेत्रों में विशेष जागरूकता और प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण दे रहे उर्वरक निरीक्षक संतोष बेक ने बताया कि इस ऐप के जरिये किसान घर बैठे खाद बुक कर सकते है। ऐप के जरिये मिलने वाला ई-टोकन 48 घंटे तक वैध रहेगा।

- खाद की कालाबाजारी पर लगेगा अंकुश

उर्वरक निरीक्षक ने बताया कि अब किसानों को खाद के लिए लैंप्स या सोसायटियों के चक्कर काटने और लंबी लाइनों में लगने की आवश्यकता नहीं होगी। किसान अब अपने स्मार्टफोन में एफएफएस ऐप डाउनलोड कर आधार ओटीपी या फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से आसानी से अपना ऑनलाइन पंजीकरण कर सकेंगे। इसके अलावा किसान सीतापुर और आसपास के केंद्रों में उपलब्ध खाद का लाइव स्टॉक घर बैठे ऐप पर पहले ही देख सकेंगे। इस ऐप के जरिये ऑनलाइन बुकिंग होने पर एक डिजिटल ई-टोकन या क्यूआर कोड जेनरेट होगा जो दो दिनों तक वैध रहेगा। जिसके आधार पर निर्धारित समय में चिह्नित दुकान पर जाकर जरूरत के अनुसार खाद प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस ऐप को राज्य के फार्मर रजिस्ट्री,एग्रीस्टैक पोर्टल से मर्ज किया गया है। ग्रामीण अंचलों में जिन किसानों के पास स्मार्टफोन की सुविधा नहीं है या जिन्हें तकनीकी रूप से ऐप चलाने में परेशानी आ रही है। वे नजदीकी ई-मित्र केंद्र सहकारी समितियों या कृषि विभाग के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से संपर्क कर अपनी अग्रिम बुकिंग करवा सकते हैं। एसडीओ कृषि विभाग अनिता एक्का ने बताया कि इस डिजिटल कदम से ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को रबी फसलों की बुआई के दौरान समय पर और सही दाम पर खाद मिलने में बड़ी राहत मिलेगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एसएडीओ कृषि लिली मॉरिस बखला एडीओ महेंद्र पैंकरा रामप्यारी आरएईओ शैलेंद्र विशि उर्मिला कुजूर मनोरंजनी केरकेट्टा बी एस कुर्रे जे पी नाग लेमेश्वर सिंह सी आर तिर्की रामकेश्वर पैंकरा अरुणा लकड़ा धनमेत केरकेट्टा बीटीएम शशिकला एटीएम अमित भगत समेत किसान उपस्थित थे।





'एनी बॉडी कैन ड्रीम' की शूटिंग शुरू, लीड रोल में होंगे राघव

नई दिल्ली। एक्टर राघव जुयाल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शूटिंग से जुड़ी जानकारी बताते हुए एक पोस्ट शेयर की। इसमें उन्होंने बताया कि वे उनकी अगली फिल्म 'एनी बॉडी कैन ड्रीम' की शूटिंग में लग गए हैं। राघव ने लिखा, 'आज मैं अपने कॅरियर की सबसे अहम फिल्म की शुरुआत कर रहा हूं। ऐसा इसलिए नहीं कि यह मेरी सबसे बड़ी फिल्म है, बल्कि इसलिए कि 12-13 साल पहले मैंने इसे देखा था, इसके सपने देखे थे और अपने मन में इसे जी भी लिया था।' इस फिल्म को और भी खास बनाने वाली बात यह है कि आज मैं उस फ्रेंचाइजी का मुख्य अभिनेता हूं, जिसमें कभी मैं पीछे खड़े होकर, दूर से सब कुछ देखा करता था।'

लाइफ Style

अनीत

खुशकिस्मत हूं कि मुझे शक्ति शालिनी मिली

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस अनीत पड्डा ने मोहित सूरी की रोमांटिक फिल्म सैयारा से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इस फिल्म ने उन्हें खूब पॉपुलैरिटी दिलाई. फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी। इस फिल्म में वह अहान पांडे के साथ नजर आई थीं।

अब एक्ट्रेस मैडॉक फिल्म्स की फिल्म शक्ति शालिनी में दिखाई देंगी। यह फिल्म सैयारा से काफी अलग है। इस फिल्म में वो सोलो हैं और अब बताया है कि आखिर उन्होंने शक्ति शालिनी फिल्म करने के लिए हां क्यों कहा। अनीत ने बताया कि सैयारा की सफलता के बाद वह इसी तरह की एक अलग फिल्म करना चाहती थीं। एक इंटरव्यू में अनीत पड्डा ने कहा, मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे शक्ति शालिनी मिली। सैयारा के बाद मैं जिस तरह की फिल्म करना चाहती थी, यह बिल्कुल वैसी ही है। यह उससे काफी अलग है। इसमें एक्शन, रोमांस और सुपरनैचुरल एलिमेंट्स हैं। मुझे अपने एक बिल्कुल अलग रूप को एक्सप्लोर करने का मौका मिला है। अनीत ने आगे कहा, "अगर मैं साफ-साफ कहूं, तो मैं एक सोलो फिल्म करना चाहती थी. मैं चाहती थी कि मैं कह सकूं कि यह मेरी फिल्म है। एक एक्टर के तौर पर इसकी जिम्मेदारी मेरे कंधों पर है। आखिर कितनी महिलाओं को ऐसा मौका मिलता है? मैं खुद को बहुत खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे अपनी दूसरी फिल्म में ही यह मौका मिल रहा है। हालांकि, पूरी फिल्म की जिम्मेदारी मेरे कंधों पर होना थोड़ा डराने वाला हो सकता है।



हॉलीवुड मसाला



दुनिया में अदर मॉमी की मची धूम

नई दिल्ली। हॉरर और हॉलीवुड फैंस की दुनिया में इन दिनों जेसिका चैस्टेन स्टारर फिल्म 'अदर मॉमी' की धूम मची है। यह एक अमेरिकी सुपरनैचुरल साइकोलॉजिकल हॉरर फिल्म है, जो 9 अक्टूबर को रिलीज हुई है और 3 दिनों में ही इसने वर्ल्डवाइड ₹432.35 करोड़ ($45,190,000) की ग्रॉस कमाई कर ली है। जिसने भी इसे देखा, वह मुरीद हो गया है। कहानी एक सात साल की बच्ची की है, जिसे अपनी मां की शक्ल से मिलती-जुलती औरत नजर आती है और वह उसे 'अदर मॉमी' कहकर पुकारती है।



प्रियंका ने अपनी दोस्त तमन्ना के साथ तस्वीरें कीं शेयर...

लॉस एंजिल्स। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'वाराणसी' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच उन्होंने अपनी दोस्त तमन्ना दत्त को जन्मदिन की बधाई दी है। अभिनेत्री ने उनके साथ कई तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ उन्होंने शानदार पोस्ट लिखी है। अभिनेत्री ने अपनी दोस्त तमन्ना दत्त के साथ कई तस्वीरें शेयर की हैं। इनमें उनके साथ बिकनी में दी गई पोज भी शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने उन्होंने तमन्ना के साथ बिताए खट्टे-मीठे पलों की झलकियां दिखाई हैं। यही नहीं दोनों ने एक-दूसरे के परिवार के साथ तस्वीरें खिंचवाई हैं। दोस्त तमन्ना दत्त के साथ तस्वीरें शेयर करते हुए प्रियंका चोपड़ा ने कैप्शन में लिखा 'मेरी पसंदीदा लड़की। वह पहले मेरी रूममेट रही, फिर दोस्त बनी। अब बहन जैसी है। पिछले 26 वर्षों में बहुत कुछ बदला, अगर कुछ नहीं बदला तो आप।



श्रीलीला की नई फिल्म का पोस्टर जारी

मुंबई। कार्तिक आर्यन अपनी नई फिल्म की तैयारी कर रहे हैं। यह फिल्म अगले साल रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में उनके साथ श्रीलीला भी अहम किरदार में होंगी। कार्तिक आर्यन और श्रीलीला की अदाकारी वाली अपकमिंग फिल्म की रिलीज की तारीख का ऐलान हो गया है। इस फिल्म के टाइटल का अभी ऐलान नहीं किया गया है। फिल्म के निर्देशक अनुराग बसु हैं। इसके निर्माता भूषण कुमार हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने फिल्म का पोस्टर जारी किया है। इसमें कार्तिक आर्यन और श्रीलीला बैठे हैं। उनके आस-पास हरियाली है और चाय भी रखी है। इसमें बताया गया है कि फिल्म 30 अप्रैल 2027 को रिलीज होगी। सोशल मीडिया पर मेकर्स ने अपकमिंग फिल्म का पोस्टर जारी करते हुए लिखा 'एक नई कहानी, जो आपके दिल में बस जाएगी।



मनोज की फिल्म घूसखोर का नाम बदला

मुंबई। मनोज बाजपेयी की फिल्म 'घूसखोर पंडित' का नाम बदल दिया गया है। मेकर्स ने 15 अक्टूबर को फिल्म का ट्रेलर भी जारी कर दिया है। फिल्म के पुराने नाम को लेकर काफी विवाद हुआ था। इसके नाम पर आपत्ति जताते हुए कहा गया था कि इससे ब्राह्मण समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंच सकती है। इस मामले में दिल्ली हाईकोर्ट तक याचिका पहुंची थी। अब फिल्म का नाम 'गजब रात' कर दिया गया है। फिल्म में मनोज बाजपेयी के अलावा साकिब सलीम, अक्षय ओबेरॉय, दिव्या दत्ता, कीकू शारदा और नुसरत भरूचा भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह सस्पेंस थ्रिलर फिल्म 23 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी। 'गजब रात' की कहानी एक ऐसे पुलिस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने निजी फायदे और सही काम करने के बीच फंस जाता है।

टीवी मसाला



'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में एक साथ नजर आएंगे करीना व सैफ

नई दिल्ली। करीना कपूर और सैफ अली खान की जोड़ी को बॉलीवुड में टिपिकल लव बर्ड्स के तौर पर देखा जाता है। अक्सर कई इवेंट्स में कपल को साथ में स्पॉट किया गया है। अब ये शानदार जोड़ी आपको 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के सीजन 5 में देखने को मिलेगी। बॉलीवुड और क्रिकेट जगत की मशहूर हस्तियों को अपने शो में बुलाने के बाद, अब यह शो रियल-लाइफ कपल करीना कपूर खान और सैफ अली खान का स्वागत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। वे इस कॉमेडी शो में अपने मजेदार अंदाज और हंसी-मजाक से चार चांद लगाएंगे। यह एपिसोड आने वाले 17 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगा। दोनों अलग-अलग कई बार नजर आए हैं लेकिन ऐसा पहली बार होगा जब वे इस कॉमेडी शो में एक साथ नजर आएंगे। इनकी कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर वायरल हुई थीं जिसमें करीना रेड कलर के बंधनी सलवार- सूट में नजर आईं। इसके गले पर हैवी गोल्डन एंब्रॉयडरी का काम था। इसे उन्होंने हैवी झुमकों और चूड़ियों के साथ पेयर किया था। वहीं सैफ हमेशा की तरह रॉयल लुक में बेहद शानदार लग रहे थे। उन्होंने ब्लैक कलर की शर्ट पैंट के साथ ही ब्लैक वेस्ट कोट पहना हुआ था। वहीं सैफ अली खान ने हाल ही में इंस्टाग्राम डेब्यू किया है इसलिए ये मोमेंट उनके लिए और भी खास है।

नकुल के समर्थन में उतरीं शिल्पा

नई दिल्ली। शो 'बिग बॉस 20' में हाल के दिनों में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला है। शो में वाइल्डकार्ड के जरिए आए नकुल ढुल ने बीते एपिसोड में गुल्लू से लड़ाई की थी, जिसके बाद बिग बॉस ने कड़ा एक्शन लेते हुए नकुल को घर से बेघर कर दिया। अब इस पूरे मामले पर शिल्पा शिंदे ने अपनी राय दी है। नकुल को बिग बॉस से निकालने के बाद शिल्पा इस निर्णय से नाखुश नजर आईं। शिल्पा ने एक पोस्ट शेयर कर इस निर्णय का विरोध जताया है। पोस्ट के कैप्शन में शिल्पा ने लिखा, 'उसे वापस लाओ..उसने मारा नहीं है सिर्फ धक्का दिया है। ऐसा बिग बॉस में बहुत बार हुआ है। इसके अलावा उन्होंने जो फोटो शेयर की है, उसमें भी लिखा कि उन्हें वापस लाओ, क्योंकि वो पूरी तरह गलत नहीं हैं। दरअसल, काजी मजाक-मस्ती में स्काउट के कान में थूक देते हैं। इसके बाद जब स्काउट अकेले होते हैं, तो नकुल जाकर उनसे कहते हैं कि काजी वहां दूसरी ओर बता रहे हैं कि उन्होंने तुम्हारे कान में थूक दिया।



ये प्रेम मोल लिया का नया गाना 'झुमका पटोला' रिलीज, श्रेया ने दी है आवाज

निर्देशक सूरज बड़जात्या की अपकमिंग फिल्म ये प्रेम मोल लिया का नाम काफी समयसे चर्चा का विषय बना हुआ है। आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ स्टारर इस मूवी के कई गाने अब तक सामने आए हैं, जिन्हें श्रोताओं ने पॉजिटिव रिस्पॉन्स दिया है।

नई दिल्ली। इस बीच नवरात्रि के सीजन में मेकर्स की तरफ से ये प्रेम मोल लिया का एक और नया गाना रिलीज कर दिया गया है। जिसके बोल संगीतकार हिमेश रेशमिया की पत्नी सोनिया कपूर रेशमिया ने लिखे हैं और सिंगर श्रेया घोषाल ने इसे गाया है। ये प्रेम मोल लिया के जिस लेटेस्ट सॉन्ग के बारे में इस लेख में बात की जा रही है, उसका टाइटल- झुमका पटोला... है। दरअसल बुधवार को मेकर्स की तरफ से इस गाने को रिलीज करने की आधिकारिक जानकारी सोशल मीडिया पर दी गई थी और अब गुरुवार को झुमका पटोला... को रिलीज कर दिया गया है। फिल्म ये प्रेम मोल लिया का ये नया गाना अभिनेता आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ के अलावा फिल्म की अन्य फीमेल एक्ट्रेसेज के ऊपर



फिल्माया गया है। बॉलीवुड की मशहूर गायिका श्रेया घोषाल ने इस गीत को अपनी मीठी आवाज दी है, जबकि संगीतकार हिमेश रेशमिया ने इसके संगीत को तैयार है। ध्यान देने वाली बात ये है कि ये प्रेम मोल लिया फिल्म के झुमका पटोला... गीत के लिरिक्स को हिमेश की वाइफ सोनिया कपूर ने लिखा है, जो गाने को और अधिक रोचक बनाता है। कुल मिलाकर कहा जाए तो मूवी का ये गीत प्रॉपर डांसिंग सॉन्ग लग रहा है, जो महिलाओं के लिए नया पार्टी एंथम बन सकता है। इससे पहले फिल्म का टाइटल सॉन्ग और नवरात्रि स्पेशल गीत पहले ही रिलीज किए जा चुके हैं। राजश्री प्रोडक्शन की अगली पेशकश के तौर पर ये प्रेम मोल लिया फिल्म का सिनेप्रेमी बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। गौर किया जाए आयुष्मान खुराना और शरवरी वाघ स्टारर इस रोमांटिक-फैमिली ड्रामा फिल्म की रिलीज डेट के बारे में तो ये मूवी 27 नवंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में प्रदर्शित की जाएगी।

फर्जी-2 की शूटिंग खत्म

छोटे कलाकार की दिखाई गई है कहानी

मुंबई। अभिनेता शाहिद कपूर की सीरीज 'फर्जी 2' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। इस फिल्म की जानकारी एक्टर ने बातचीत के दौरान दी। इसके साथ ही अपने किरदार सनी के बारे में अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। इसके साथ ही सोशल मीडिया पर सेट से बीटीएस तस्वीरें साझा कीं। शाहिद कपूर ने 'फर्जी 2' की शूटिंग के दौरान ली गईं कई तस्वीरें साझा कीं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इन फोटोज के साथ कैप्शन में लिखा, 'फर्जी 2 की शूटिंग जैसे-जैसे समाप्त हो रही है, मुझे बस यही याद आ रहा है कि सनी मेरे भीतर कितना बसा हुआ है। मैं वही हूं और वह मैं हूं। हम दोनों ने मुंबई की गलियों में एक ऐसे बच्चे के रूप में शुरुआत की थी जिसके दिल में दुनिया को यह बताने की आग थी। मुझे देखो। मैं एक कलाकार हूं।'फर्जी का पहला सीजन प्राइम वीडियो पर फरवरी 2023 में प्रीमियर हुआ था। यह सीरीज 8 एपिसोड्स की थी। इस सीरीज से शाहिद कपूर ने पहला



ओटीटी डेब्यू किया था। इसमें सनी नाम के एक छोटे-मोटे कलाकार की कहानी दिखाई गई है, जो नकली मुद्रा के एक बड़े घोटाले में शामिल हो जाता है। कलाकारों में विजय सेतुपति, राशी खन्ना, के के मेनन, भुवन अरोड़ा, रेजिना कैसेंड्रा और अमोल पालेकर प्रमुख भूमिकाओं में थे।

अलग-अलग जॉनर की फिल्में और सीरीज होंगी रिलीज

सिनेमाघरों से लेकर ओटीटी पर होगा मनोरंजन का धमाका

नई दिल्ली। पलके बिछाए फैंस शुक्रवार का बेसब्री से इंतजार करते हैं। ये सप्ताह का वो दिन होता है, जब बड़ी-बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में दस्तक देती हैं और शानदार सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर रिलीज होती हैं। अक्टूबर के तीसरा शुक्रवार तो दर्शकों के लिए ढेर सारा मनोरंजन लेकर आ रहा है।

नई नवेली : शुक्रवार की सबसे मजेदार रिलीज में से एक यामी गौतम की फिल्म नई नवेली है, जो आज सिनेमाघरों में दस्तक देगी। आर्टिकल 370 और हक जैसी सीरियस फिल्मों के बाद नेशनल अवॉर्ड विनर यामी गौतम कॉमेडी जॉनर में लंबे समय बाद लौटीं हैं। मूवी में उनका किरदार डायन भाभी का है। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- हॉरर कॉमेडी।

मास्टर प्लान : इस क्राइम कॉमेडी फिल्म की कहानी रोजर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक रिटायर महान चोर है। हालांकि, वह मोना लीसा की मूर्ति चुराने के पीछे है, जिसके लिए वह एक इटैलियन हैकर और फ्रैंच बम एक्सपर्ट को हायर करता है। कहानी में मजेदार ट्विस्ट तब आता है जब रोजर ये बताता है कि उसके दोनों हायर किए गए बंदे गुम हुए सिबलिंग्स हैं। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- अमेजन प्राइम. वीडियो, जॉनर- क्राइम कॉमेडी।



डीसी : सरत चंद्र चटोपाध्याय की नॉवेल देवदास पर बेस्ड फिल्म डीसी में लोकेश कनगराज और वामिका गब्बी ने मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म की कहानी देवदास के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक बागी अपराधी है और चोरी में गलती होने और एक पुलिस ऑफिसर के मारे जाने पर भागा फिर रहा है। वामिका का किरदार चंद्रा जो एक सेक्स वर्कर है, कैसे उसकी मदद करेगी यही कहानी में बताया जाएगा। रिलीज डेट -16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- सोनी लिव, जॉनर- क्राइम थ्रिलर।

आशा : आशा की कहानी पहले से ही सदमें से गुजर रही एक विदवा महिला पर बेस्ड है, जो एक छोटे से एक्सीडेंट के बाद बेकाबू हो जाती है। हार न मानने की उसकी इस जिद के कारण उसका सामना एक ऐसे हिंसक आदमी से होता है, जो उसकी जिंदगी को एक बुरा सपना बना देता है। मलयालम फिल्म में उर्वशी ने मुख्य भूमिका निभाई है। रिलीज डेट- 16

सैक्रिफाइस : यह एक डार्क कॉमेडी थ्रिलर फिल्म है। इसमें क्रिस इवांस, अन्या टेलर-जॉय और सलमा हायेक अहम भूमिकाओं में हैं। यह 16 अक्टूबर से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।

रणबाली : आज बॉक्स ऑफिस पर नई नवेली का अकेले कब्जा नहीं होगा, बल्कि इस मूवी से टक्कर लेने के लिए विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की रणबाली भी सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। मूवी को तेलुगू के साथ-साथ हिंदी, मलयालम, कन्नड़ और तमिल में भी रिलीज किया जाएगा। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर-हिस्टोरिकल ड्रामा।

जेलर : रजनीकांत की जेलर को दर्शकों ने बहुत पसंद किया था और अब वह इसके दूसरे पार्ट जेलर 2 के साथ शुक्रवार से एक दिन पहले थिएटर्स में आ गए हैं। फिल्म में एक बार फिर से वही दमदार एक्शन होगा। रजनीकांत के अलावा मूवी में विद्या बालन और मिथुन चक्रवर्ती ने अहं भूमिका निभाई है। प्लेटफॉर्म- थिएटर्स, जॉनर- एक्शन थ्रिलर।



मनी ट्रैप- द करुण ट्रेजर : मनी ट्रैप की कहानी कॉन आर्टिस्ट आसिम नोयन के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक लास्ट बार अपनी पुरानी गैंग के साथ एक आखिरी चोरी के लिए फिर से इकट्ठा होते हैं। हालांकि, उनका ये मिशन जल्द ही एक बड़ी लड़ाई में बदल जाता है, क्योंकि सामने वाले अन्य गिरोह भी इसी खजाने के पीछे पड़े हैं। रिलीज डेट- 16 अक्टूबर, प्लेटफॉर्म- नेटफ्लिक्स, जॉनर- एक्शन थ्रिलर।

खबर संक्षेप

समर्थन मूल्य पर होगी दलहन तिलहन की खरीदी

रायगढ़। किसानों की आय को सुरक्षित करने और दलहन तिलहन फसलों की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान पीएम आशा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026-27 में अधिसूचित दलहन एवं तिलहन फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीदी की जाएगी। इसके लिए जिले में 17 सहकारी समितियों को अधिसूचित किया गया है। योजना के तहत अरहर, उड़द, मूंग, मूंगफली और सोयाबीन की खरीदी की जाएगी। किसानों को योजना का लाभ लेने के लिए 31 अक्टूबर 2026 तक पंजीयन कराना अनिवार्य है।

किशोरियों का हो रहा एचपीवी टीकाकरण

रायगढ़। ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभांठा की स्वास्थ्य टीम ने रामभांठा सेक्टर के अंतर्गत कार्मेल स्कूल में टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित कर 14 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया। शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी और 15 वर्ष की आयु पूरी नहीं करने वाली किशोरियों का टीकाकरण किया जा रहा है। एचपीवी यानी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के संक्रमण से बचाव में यह टीका महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समय पर टीकाकरण से भविष्य में ग्रीवा कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है।

अधिकारियों ने किया डीसीएस का निरीक्षण

रायगढ़। जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे डीसीएस के दूसरे चरण का कार्य किया जा रहा है। सर्वे कार्य में सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी मैदानी स्तर पर निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में लैलूंगा और धरमजयगढ़ तहसील के विभिन्न गांवों में सर्वे कार्यों का जायजा लेकर सर्वेयरों को आवश्यक निर्देश दिए गए। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लैलूंगा राकेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम कुंजारा, खैरबहल एवं कोड़केल में डिजिटल क्रॉप सर्वे के कार्यों का निरीक्षण किया गया। वहीं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ प्रवेश पैकरा ने धरमजयगढ़ तहसील के ग्राम मिरीगुड़ा एवं उदउदा में सर्वे कार्यों का जायजा लिया।

10 से 24 जनवरी तक मोबाइल एप से स्व गणना

रायगढ़। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों के तहत रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में जिला एवं चार्ज स्तरीय जनगणना अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की प्रक्रिया को गंभीरता से समझने और कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए सभी शंकाओं का समाधान प्रशिक्षण के दौरान ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप जनगणना अधिकारी धनराज मरकाम ने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे प्राप्त आंकड़े विकास योजनाओं के निर्माण, प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और विभिन्न नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायतों में निर्माण कार्यों का किया निरीक्षण

गुणवत्ता में कमियों पर जताई नाराजगी मूल्यांकन राशि में कटौती के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार ने जनपद पंचायत जशपुर अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में संचालित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी भवन, स्व-सहायता समूह भवन, स्टॉपडेम मरम्मत, नहर सफाई और सीसी रोड निर्माण कार्यों की प्रगति एवं गुणवत्ता का जायजा लिया।

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता संबंधी कमियां पाए जाने पर उन्होंने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार मूल्यांकन करने और आवश्यकतानुसार देय राशि में कटौती करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को सभी निर्माण कार्यों की नियमित निगरानी करने तथा निर्धारित गुणवत्ता, तकनीकी मानकों और समय-सीमा का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।





सारूडिह और कोमड़ो में निर्माण कार्यों का निरीक्षण

जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम पंचायत सारूडिह में निर्माणाधीन दो आंगनबाड़ी भवनों का जायजा लिया। यहां निर्माण कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं पाए जाने पर सीईओ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्यों का नियमानुसार मूल्यांकन करने तथा गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर प्रचलित नियमों के अनुसार मूल्यांकन राशि में कटौती करने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन गार्डवाल का निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति पर विशेष ध्यान देने के को कहा।

स्टॉपडेम मरम्मत और नहर सफाई का लिया जायजा

ग्राम पंचायत किनकेल में स्टॉपडेम मरम्मत और नहर में गाद सफाई कार्य का निरीक्षण के दौरान सीईओ ने आसपास के क्षेत्र में किसानों द्वारा लगाई जाने वाली फसलों की जानकारी ली। साथ ही नहर से सिंचाई के माध्यम से ग्रामीणों एवं किसानों को होने वाले लाभ के संबंध में चर्चा की। उन्होंने सिंचाई सुविधाओं के बेहतर उपयोग, कृषि गतिविधियों को प्रोत्साहित करने तथा जल संरचनाओं के समुचित रखरखाव के महत्व पर जोर दिया।

केरे और देशदेखा में भवन निर्माण किया निरीक्षण

जिला पंचायत सीईओ ने ग्राम केरे में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसी को आवश्यक तेजी लाते हुए भवन का निर्माण शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए, इसके पश्चात देशदेखा में निर्माणाधीन स्व-सहायता समूह भवन का निरीक्षण के दौरान उन्होंने भवन निर्माण की स्थिति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को गुणवत्ता, निर्धारित तकनीकी मानकों और अन्य आवश्यक पहलुओं का ध्यान रखने के निर्देश दिए।

सीटोंगा में सीसी रोड की गुणवत्ता पर जताई नाराजगी

जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने ग्राम पंचायत सीटोंगा में निर्माणाधीन आंगनबाड़ी भवन और सीसी रोड का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सीसी रोड निर्माण में निर्धारित मानकों के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किए जाने तथा सड़क की मोटाई निर्धारित मानकों से कम पाए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य का तकनीकी मानकों के आधार पर उचित मूल्यांकन करने तथा मूल्यांकन प्रतिवेदन में गुणवत्ता संबंधी कमियों का स्पष्ट उल्लेख करने के निर्देश दिए। साथ ही नियमानुसार देय राशि में कटौती करने को कहा।

मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में जिले में सिंचाई क्षमता का हो रहा विस्तार



जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले में सिंचाई सुविधाओं के विस्तार और जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में कुनकुरी तहसील के नारायणपुर स्थित कपरी नाला में 2 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत से बन रहे प्रेमबंद स्टॉप का निर्माण कार्य लगभग पूर्णता की ओर है। इसके पूरा होने से क्षेत्र की करीब 150 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा का लाभ मिलेगा।

150 हेक्टेयर कृषि भूमि को मिलेगी सिंचाई सुविधा

कपरी नाला में स्टॉप निर्माण का उद्देश्य वर्षा जल का संचयन कर उसका बेहतर उपयोग करना तथा क्षेत्र में सिंचाई सुविधाओं का विस्तार करना है। इस परियोजना से लगभग 150 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई का लाभ मिलने की संभावना है। विभागीय जानकारी के अनुसार, परियोजना से क्षेत्र में सिंचाई का प्रतिशत बढ़कर 37.91 प्रतिशत तक पहुंचने में मदद मिलेगी। किसानों को आगामी सत्र 2027-28 से इस सुविधा का लाभ मिलने की संभावना है। सिंचाई के लिए पानी की उपलब्धता बेहतर होने से किसानों को खेती-किसानी में सहूलियत मिलेगी और कृषि गतिविधियों को मजबूती मिलेगी।

किसानों ने जताया मुख्यमंत्री के प्रति आभार

कपरी नाला में स्टॉप निर्माण कार्य से क्षेत्र के किसानों में उत्साह है। सिंचाई सुविधा का विस्तार होने से उन्हें कृषि कार्यों के लिए पानी की उपलब्धता बढ़ेगी। इससे खेती को बेहतर बनाने और कृषि उत्पादन बढ़ाने के अवसर मजबूत होंगे। क्षेत्र के किसानों ने इस महत्वपूर्ण निर्माण कार्य के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

जल संरक्षण के साथ भू-जल संवर्धन और निस्तारी को मिलेगा बढ़ावा

कपरी नाला में स्टॉप निर्माण से वर्षा जल का संचयन होगा, जिससे भू-जल स्तर के संवर्धन में मदद मिलेगी। इसके साथ ही स्थानीय लोगों को निस्तारी और पेयजल की उपलब्धता में भी लाभ मिलने की उम्मीद है। जल संरक्षण की यह व्यवस्था क्षेत्र में जल संसाधनों के बेहतर उपयोग और ग्रामीण जनजीवन को सुविधाजनक बनाने में सहायक होगी। स्टॉप निर्माण से आसपास के क्षेत्र में स्थित शिव मंदिर में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलेगी। इस प्रकार यह परियोजना सिंचाई के साथ-साथ जल संरक्षण और स्थानीय जनसुविधाओं की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण साबित होगी।

हरियाली के रंग में रंगा सेंट जेवियर्स स्कूल, पर्यावरण संरक्षण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

सेंट जेवियर्स इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल, शांति भवन जशपुर में शुक्रवार को ग्रीन डे समारोह 2026-27 उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रकृति के महत्व को समझाना था। इस दौरान विद्यालय परिसर हरियाली की थीम पर सजा नजर आया। समारोह में विद्यालय के खुले हॉल, सूचना पट्ट और कक्षाओं को हरे रंग की थीम पर तैयार चार्ट, प्रकृति के चित्रों और पुनर्चक्रित सामग्री से सजाया गया। प्री-प्राइमरी और प्राइमरी कक्षाओं के बच्चों ने फल-सब्जियों पर आधारित थ्री-डी मॉडल और प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी रचनात्मकता दिखाई। विद्यार्थियों ने अपने हाथों से बनाई हरी वस्तुओं, पत्तियों, फलों और सब्जियों को प्रदर्शित किया।

- ग्रीन डे पर बच्चों ने थ्री-डी मॉडल, नृत्य और नाटक से दिखाई प्रतिभा

पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का शपथ, संदेशः कार्यक्रम के अंत में सभी शिक्षकों और विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। समारोह का समापन प्राचार्य द्वारा दशहरा अवकाश की शुभकामनाएं देने के साथ हुआ। कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने और पर्यावरण संरक्षण में योगदान देने का संदेश दिया।

छात्र छटाओं ने नृत्य, नाटक व गायन से दिया पर्यावरण का संदेश

मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया, जबकि हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों ने नाटक प्रस्तुत किए और गीत गाकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

पौधों की देखभाल का दिया संदेश एवं संकल्प

विद्यालय के प्राचार्य फादर अजय केरकेट्टा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को सक्रिय भागीदारी के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह प्रकृति की देखभाल करे और अधिक से अधिक पौधे लगाए। उन्होंने विद्यार्थियों से चारदीवारी के किनारे लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने की अपील की, ताकि वे बड़े होकर परिसर की हरियाली बढ़ा सकें।

नशे पर प्रहार, साइबर अपराध पर वार और यातायात सुधार का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस और जनता के बीच समन्वय मजबूत करने तथा गांव-गांव में सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से बगीचा पुलिस थाना परिसर में पुलिस मितान की बैठक आयोजित की गई। बैठक में बगीचा ब्लॉक के विभिन्न गांवों से पहुंचे सैकड़ों पुलिस मितानों ने हिस्सा लिया।

डीएसपी यातायात केआर चौहान, एसडीओपी दिलीप कोसले, योगेश थवाईत, पार्षद अनिमा सहित स्थानीय पुलिस स्टाफ की मौजूदगी में सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

सड़क हादसों में घायलों की मदद करने वालों को 25 हजार की प्रोत्साहन राशि



हादसे में घायलों की मदद करें, मिलेगी 25 हजार की प्रोत्साहन राशिः बैठक में सड़क दुर्घटनाओं के बाद घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाने वाले मददगारों के लिए शासन की प्रोत्साहन योजना की जानकारी भी दी गई। बताया गया कि निर्धारित पात्रता और नियमों के तहत पात्र मददगार को 25 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। इसका उद्देश्य दुर्घटना के समय घायलों की मदद के लिए लोगों को आगे आने के लिए प्रोत्साहित करना है।

टी-शर्ट देकर पुलिस मितानों का सम्मानः कार्यक्रम में सभी पुलिस मितानों को टी-शर्ट प्रदान कर सम्मानित किया गया। बैठक ने यह संदेश दिया कि अपराध नियंत्रण, नशामुक्ति, साइबर सुरक्षा और सड़क दुर्घटनाओं में त्वरित सहायता जैसे कार्यों में आम नागरिकों की भागीदारी महत्वपूर्ण है। पुलिस मितानों के सहयोग से गांवों में जागरूकता बढ़ाने और पुलिस-जनता के बीच विश्वास मजबूत करने की दिशा में पहल की जाएगी।

यातायात से लेकर अपराध नियंत्रण तक निभाएंगे भूमिका

बैठक को संबोधित करते हुए डीएसपी यातायात केआर चौहान ने कहा कि पुलिस मितान के माध्यम से बेहतर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ कम्युनिटी पुलिसिंग को मजबूत बनाना है। पुलिस और आम नागरिकों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित कर स्थानीय स्तर पर सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का प्रभावी ढंग से सामना किया जा सकता है। पुलिस मितानों को अपने-अपने गांवों में साइबर अपराध के प्रति जागरूकता फैलाने, नशे के विरुद्ध अभियान में सहयोग करने और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस तक पहुंचाने के लिए प्रेरित किया।

सेवा संकल्प अभियान- महतारी वंदन योजना से महिलाएं बनीं सक्षम

जशपुरनगर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में संचालित महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक प्रभावी पहल साबित हो रही है। योजना के माध्यम से हर माह मिलने वाली आर्थिक सहायता से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने का अवसर मिला है। अब वे अपने छोटे-छोटे खर्चों के लिए दूसरों पर निर्भर नहीं हैं और आत्मविश्वास के साथ अपने परिवार की जिम्मेदारियों में भी सहयोग कर रही हैं।



कुनकुरी की महिलाओं के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी। महिलाओं ने बताया कि प्रत्येक माह 10 से 12 तारीख के बीच उनके खाते में एक हजार रुपये की राशि जमा हो जाती है, जिससे उन्हें घरेलू जरूरतों और व्यक्तिगत खर्चों में काफी सहूलियत मिलती है। ज्योति पांडेय ने बताया कि पहले छोटी-छोटी जरूरतों के लिए उन्हें परिवार के अन्य सदस्यों पर निर्भर रहना पड़ता था, लेकिन अब योजना से मिलने वाली राशि से वे अपने दैनिक खर्च स्वयं पूरा कर लेती हैं। रेहाना खातून ने बताया कि पहले वे मजदूरी करती थीं। महतारी वंदन योजना से मिली सहायता से उन्होंने अपना छोटा-सा घरेलू व्यवसाय शुरू किया। आज वे स्वयं आय अर्जित कर रही हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में योगदान दे रही हैं। कविता ने कहा कि योजना से मिलने वाली राशि उनके लिए बड़ी सहायता है। इससे वे अपनी आवश्यकताओं का खर्च आसानी से उठा लेती हैं और आर्थिक रूप से अधिक आत्मविश्वासी महसूस करती हैं। अंजू ने बताया कि अब उन्हें अपने छोटे-छोटे खर्चों के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहना पड़ता। योजना ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने का अवसर दिया है। सभी महिलाओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महतारी वंदन योजना ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया है।

उनका कहना है कि राज्य सरकार की इस पहल से महिलाओं को आर्थिक संबल मिला है, जिससे वे सम्मान के साथ आत्मनिर्भर जीवन जी रही हैं। यह योजना महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।



सरगुजा ओलंपिक का समापन, उत्कृष्ट खिलाड़ी हुए सम्मानित



कांसाबेल। कांसाबेल के कन्या शाला प्रांगण में दो दिवसीय सरगुजा ओलंपिक का रंगारंग समापन हुआ। इस आयोजन में विकासखंड के विभिन्न शासकीय एवं निजी विद्यालयों के विद्यार्थियों ने कबड्डी, खो-खो, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, दौड़, कूद और रस्साकशी सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय और सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं, सरगुजा की सांस्कृतिक पहचान करमा नृत्य की शानदार प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुदाम पंडा ने सरगुजा ओलंपिक को उभरते खिलाड़ियों के लिए वरदान बताते हुए छत्तीसगढ़ सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताया। आयोजन की व्यवस्थाओं में नोडल अधिकारी एवं जनपद पंचायत कांसाबेल के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप कुमार मरावी तथा सहायक नोडल अधिकारी बीईओ गोपाल राम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में संदीप कुमार मरावी ने सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। साथ ही हरिभूमि के पत्रकार राजेश गुप्ता एव जशपुर टाइम्स के इबनुल खान को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

